1579. **सीमा सुरक्षा कल्याण निधि**

1579. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 1994-95 से 1997-98 के दौरान वर्ष-वार कितनी राशि सीमा सुरक्षा कल्याण निधि में जमा कराई गई थी,

(ख) प्रत्येक वर्ष में किन-किन कार्यों पर यह राशि खर्च की गई है, और

(ग) इस निधि के लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) वर्ष 1994-95 से 1997-98 तक सीमा सुरक्षा बल कल्याण निधि में जमा की गयी राशि निम्नानुसार है:-

करम संख्या	वर्ष	अनुदान	अग्रानीत बकाया
(लाख रूपयों में)			
1.	1994-95	259.09	305.88
2.	1995-96	414.84	346.15
3.	1996-97	414.90	327.28
4.	1997-98	325.91	681.47

(ख) और (ग) सूचना क्रमश: विवरण-I और विवरण-II में दी गयी है।

विवरण-I

वर्ष 1994-95 से 1995-96 के दौरान जिन कार्यों पर सीमा सुरक्षा बल कल्याण निधि खर्च की गई उस का ब्यौरा।

1. सीमा सुरक्षा बल लोकेशन्स में सीमा चौकियां तक टी.वी. डिश एन्टीना, रेडियों, पठन सामग्री आदि जैसी मनोरंजन सुविधाओं की व्यवस्था।

2. जी ओ, अधिनियम अधिकारियों और अन्य रैंकों की मैसो में सुविधाओं में सुधार।

3. मृत सीमा सुरक्षा बल कर्मियों की विधवाओं और निकटतम संबंधी को वित्तीय सहायता।

4.सेवा-निवृत्त की आयु अथवा 20 वर्ष की अर्हक सेवा पूरी कर लेने पर सेवानिवृत्त-होने वाले कार्मियों को वित्तीय सहायता।

5. विधवाओं के लिए आवासों का निर्माण और उनका रख-रखाव।

6. मृत सीमा सुरक्षा बल कर्मयिों की पुत्रयिों के विवाह के अवसर पर वित्तीय सहायता।

7.कर्मियों और उनके बच्चों के लिए विभिन्न स्थानों पर कल्याण वाहनों का इमदादी व्यय।

8. बल में खेल-कूद गतिविधियों का वित्तपोषण।

9. मृत बल कर्मियों के बच्चों को शिक्षा के लिए सहायता।

10. सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों को विधवाओं, विकलांग कर्मिकों और सेवानिवृत्त कर्मियों के व्यावसाल यिक प्रशिक्षण का वित्तपोषण।

11. बल के विकलांग कर्मियों को मीटर-वाली/बिना-मोटव वाली तिपहिया साइकिलों को खरीद।

12. विधवाओं के विवाह का वित्तपोषण।

13. यूनिटों की कल्याण निधि में मदद करना।

14. सेवारत/सेवानिवृत्त सीमा सुरक्षा बल कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों आदि की अन्य विविध कल्याणकारी गतिविधियों का वित्तपोषण।

विवरण-II

सीमा सुरक्षा बल कल्याण निधि लाभ-भोगियों का विवरण

वर्ष	सेवारत कर्मी	सेवानिवृत्त कर्मी	विधवाएं/ निकटतम संबंधी	कुल
1994-95	1,73,357	2967	2305	1,78,629
1995-96	1,78,106	3395	2399	1,83,900
1996-97	1,76,911	3411	2250	1,82,572
1997-98	1,78,179	4636	2652	1,85,467